मूल्य 1 रु.

वर्षः 11 - अंक : 229, मुंबई, शनिवार, 30 अक्टूबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




# बॉलीवुड में ड्रग्स केस की जांच की रफ्तार पर लग सकता है ब्रेक

## 7 दिन से NCB ने नहीं की कोई कार्रवाई




**मुंबई।** आर्यन खान को जमानत मिलने और NCB के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े पर रिश्वतखोरी के आरोप लगने के बाद बॉलीवुड में ड्रग्स केस की जांच की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। NCB ने इस केस में आखिरी कार्रवाई 22 अक्टूबर को की थी। इस दिन एक ड्रग पैडलर को पकड़ा गया, लेकिन उसकी न तो गिरफ्तारी दिखाई गई और न ही यह बताया गया कि उसका क्या हुआ। इसी दिन एक्ट्रेस अनन्या पांडे से भी पूछताछ हुई थी। इसके बाद एक्ट्रेस को दोबारा 26 अक्टूबर को आने को कहा गया था। 22 अक्टूबर को ही नवाब मलिक के हमले समीर वानखेड़े पर तेज हुए और इसके बाद से यह माना जा रहा है कि केंद्रीय जांच एजेंसी बैकफुट पर है। इसके बाद रविवार को अचानक NCB का गवाह प्रभाकर सैल मीडिया के सामने आया और उसने एक एफिडेविट के जरिए आरोप लगाया कि वानखेड़े के नाम पर इस केस के एक अन्य गवाह केपी गोसावी ने शाहरुख खान से 25 करोड़ की रिश्वत मांगी थी। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। इसके बावजूद NCB की विजिलेंस टीम ने इसमें जांच शुरू कर दी है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



# अमित शाह का अखिलेश पर हमला

## कहा- आपको याद दिला दूं एसपी ने ही रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लखनऊ में पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरूआत की और विपक्षी दलों, खासकर समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। (शेष पृष्ठ 3 पर)



# परमबीर के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**ठाणे।** पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह वसूली मामले को लेकर जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे उनकी मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। ठाणे के सत्र न्यायालय ने परमबीर सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। इसके तहत जहां कहीं भी वह, मिलेंगे उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि कयास लगाए जा रहे थे कि परमबीर सिंह देश छोड़कर चले गए हैं, लेकिन पिछले दिनों एक वकील के जरिए उन्होंने जानकारी दी थी कि वह चंडीगढ़ में ही मौजूद हैं। परमबीर के खिलाफ जारी किए गए गैर-जमानती वारंट में अदालत ने स्थानीय पुलिस को निर्देश दिया कि मामले में फरार चल रहे परमबीर सिंह को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाए। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# नवाब पर भड़के राम कदम


## बोले- प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये महाराष्ट्र सरकार के दाग धो रहे हैं मलिक





बीजेपी नेता और विधायक राम कदम ने महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक को उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद गिरते हुए कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस करना नवाब मलिक की मजबूरी थी क्योंकि पूरा देश यह देख चुका है कि किस प्रकार से बीते एक महीने के दरम्यान महाराष्ट्र सरकार ड्रग माफियाओं का समर्थन कर रही है। कदम ने कहा कि अब इन लोगों को सीबीआई जांच की याद आती है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्र में बुलढाणा अर्बन बैंक में फिल्मी स्टाइल में 1 करोड़ की लूट





महाराष्ट्र के जालना जिले में मौजूद बुलढाणा अर्बन बैंक में दिनदहाड़े हथियारों बंदूक की नोक पर लूट का खेल खेला गया। आरोपियों ने रिवाल्वर दिखाकर बैंक से पैसे और लॉकर से गहने लूट लिए। यह घटना 28 अक्टूबर दोपहर की है। जानकारी के मुताबिक 3 लोग रिवाल्वर के साथ बैंक में पहुंचे और बैंक कर्मचारियों पर रिवाल्वर तानकर 25 लाख रुपए कैश और तकरीबन 75 लाख रुपए के गहने लूट कर फरार हो गए। हालांकि यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात


# अग्नि परीक्षण

अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, इससे हमारी रक्षा पंक्ति को बहुत मजबूती मिलेगी। ओडिशा के डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम आइलैंड से इस सफल परीक्षण को अंजाम दिया गया है। इस मिसाइल के जरिये भारत अपने दुश्मनों पर पांच हजार किलोमीटर की दूरी तक प्रहार कर सकता है, इसका मतलब यह है कि यह मिसाइल अंतर-महादेशीय है। यदि जरूरत पड़ी, तो हम अब यूरोप और अफ्रीका तक पहुंच सकते हैं। विशेष रूप से शत्रुता के भाव वाले कुछ राष्ट्रों से घिरते भारत के लिए इस मिसाइल की उपयोगिता को सहज समझा जा सकता है। ऐसे हथियार इसलिए भी जरूरी हैं कि कोई भी देश हमें कमजोर न समझे। आक्रामकता या मिसाइल-संपन्नता से हमारी रक्षा को ही मजबूती मिलेगी। वैसे भी भारत की नीति नहीं है कि वह किसी भी देश को परेशान करे और अगर हमारे कुछ पड़ोसी देशों की नीति भी ऐसी ही होती, तो फिर हमें मिसाइल पर व्यय की जरूरत नहीं थी, लेकिन जब शत्रु दल आपको चारों ओर से घेर रहे हों, तब ऐसी मिसाइल-संपन्नता बहुत जरूरी हो जाती है।

आज चीन सीमा पर जिस तरह से आक्रामक तैनाती कर रहा है, उसे देखते हुए भारत की रक्षा ताकत का बढ़ना वाजिब है। इधर, यह खबर बड़ी चर्चा में है कि अग्नि-5 की सफलता के बाद भारत अब रूस से एस-400 मिसाइलों की 5 रेजीमेंट खरीद रहा है। रूस से अगर हमें यह ताकत हासिल हुई, तो फिर हमारी ओर आंख उठाकर देखना किसी के लिए भी मुश्किल हो जाएगा। चीन स्वयं अपनी रक्षा या आक्रामकता को लगातार बढ़ाने में जुटा है, लेकिन जब भारत ने अग्नि-5 का परीक्षण किया, तो वह एक तरह से बौखला गया। भारत की बढ़ती ताकत पर उसकी बौखलाहट नई नहीं है। चीन जब स्वयं अपनी ताकत में इजाफा करता है, तब एशिया में शांति भंग होने की आशंका पैदा नहीं होती, लेकिन जब भारत इस दिशा में कदम बढ़ाता है, तो चीन को शांति की याद आती है। उसने आरोप लगाया है कि भारत एशिया में माहौल खराब करना चाहता है। भारत की शिकायत आज संयुक्त राष्ट्र से कर रहा चीन कतई यह देखने को तैयार नहीं कि उसने खुद एशिया में शांति के लिए क्या किया है। भारत जैसे शांतिप्रिय व लोकतांत्रिक देश को लगातार निशाना बनाने का वह कोई मौका नहीं चूकता। अतः चीन की आपत्ति का यथोचित जवाब ही यही है कि भारत अग्नि मिसाइलों की मारक क्षमता का विस्तार करता चले।

चीन की चिंता यह भी होगी कि भारत भी अग्नि मिसाइल की जरिए 1,500 किलोग्राम के परमाणु हथियार दागने में सक्षम हो गया है। हालांकि, यह भी सच है कि चीन ने अगस्त महीने में लॉन्ग मार्च नामक हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल का परीक्षण किया था, यह मिसाइल भी बहुत दूर तक परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है और इसलिए अमेरिका अपनी व यूरोप की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। अतः अमेरिका भी कमोबेश यही चाहेगा कि भारत की मिसाइल ताकत को बढ़ने दिया जाए। दो अमेरिकी सीनेटर तो खुलकर सामने आ गए हैं कि भारत-रूस के बीच हो रहे सौदे में अडंगा न लगाया जाए। यह सौदा रणनीतिक रूप से भी मुफीद है, क्योंकि चीन और रूस के बीच संबंधों में गरमाहट बढ़ रही है। जरूरी है कि भारत सावधान कदमों के साथ खुद को मजबूत करे।

# चीन की आक्रामक विस्तारवादी नीति




**चीन ने कानूनी पहल कर अपने कब्जे को और अपने दावों को एक वैधानिक आवरण देने की कोशिश की है, जो भारत की दृष्टि से बिल्कुल अवैध प्रयास है.**

सभी पड़ोसी देशों में चीन के साथ हमारी सीमा लगभग साढ़े तीन हजार किलोमीटर लंबी है। यह सीमा दशकों से विवादित भी रही है। चीन इन विवादों को सुलझाने की जगह अपने क्षेत्रीय विस्तार और आक्रामकता की नीति में विश्वास रखता है। उसने अपनी सीमाओं के स्थायित्व के बारे में कुछ दिन पहले जो नया कानून बनाया है, उसे इसी कड़ी में देखा जाना चाहिए। इसे समझने के लिए हमें वर्तमान परिस्थितियों पर नजर डालनी पड़ेगी।

उसके पास न केवल हथियाई हुई हमारी जमीन है, बल्कि पाकिस्तान ने 1963 के समझौते के तहत उसे पाक अधिकृत कश्मीर का एक हिस्सा दिया है। यह सब अवैध कब्जे हैं। भारत सीमा पर और इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता का पक्षधर रहा है, इसलिए प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी और पीवी नरसिम्हा राव ने चीन के दौरे किये तथा कई स्तरों की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच समझौते हुए, जिनमें आपसी भरोसा बढ़ाने की कोशिशों का प्रावधान है तथा सीमा विभाजन को स्पष्ट करने का निर्णय लिया गया था।

उस समय भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा के अस्तित्व को स्वीकार कर लिया था, लेकिन चीन की ओर से इसका ठीक से पालन नहीं हुआ और उनकी ओर से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की लगातार कोशिशें होती रही हैं। बीते सत्रह माह से लद्दाख में जो हो रहा है, वह दुनिया के सामने है। ऐसी हरकत कुछ साल पहले दोकलाम में हुई थी।

पिछले कुछ समय से चीन अपनी बेल्ट-रोड परियोजना को बढ़ा रहा है। इसका एक अहम हिस्सा है चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा। कश्मीर का जो हिस्सा पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है, उसे भी वे इस आर्थिक गलियारे से जोड़ना चाहते हैं। संप्रभुता के आधार पर भारत इसका विरोध करता रहा है। जब जम्मू-कश्मीर से संबंधित अनुच्छेद 370 में बदलाव हुआ, तब पाकिस्तान और चीन ने उस पर आपत्ति जतायी थी।

अब जो सीमा से जुड़ा कानून चीन ने पारित किया है, उसका मतलब यही है कि जो विवादित क्षेत्र हैं, जिनके ऊपर भारत-चीन की समितियां बनी हुई हैं, उन्हें चीन अपने स्वामित्व में लाने की घोषणा कर रहा है। इस कानून में चीन की एकता और अखंडता की बात कही गयी। यह कानून पूरी तरह से चीन की एकतरफा कार्रवाई है। हम हमेशा से कहते रहे हैं कि एक स्पष्ट नक्शा बनाया जाना चाहिए। यह कहानी 1959 से ही शुरू हुई है।

तब पंडित जवाहरलाल नेहरू ने चीन के दावों को नहीं माना था। बाद में शांति और स्थिरता के लिए भारत ने चीन के साथ एक समझ बनाने की कोशिश की। उसके तहत यह तय हुआ कि परिपक्व देश और पड़ोसी होने के नाते हम बातचीत करते रहेंगे, लेकिन जब गलवान की घटना हुई, तब हमने उनके घुसपैठ को देखा और चार दशक बाद संघर्ष की स्थिति पैदा हो गयी। यह मसला कई चरणों की बातचीत के बावजूद सुलझ नहीं सका है।

इस पृष्ठभूमि में यह स्पष्ट है कि चीन की मंशा अधिक-से-अधिक जमीन कब्जा करने की है। सीमा क्षेत्र में वह लगातार अपना इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रहा है, पर वह यह भी समझ गया है कि भारत की प्रतिक्रिया भी उसकी हरकतों के हिसाब से होगी। अगर वे 50 हजार सैनिक जुटायेंगे, तो हमारे भी उतने सैनिक वहां बहाल होंगे। हमारा भी इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है। ऐसे में चीन ने आंतरिक रूप से एक कानूनी पहल की है कि वह अपने कब्जे को और अपने दावों को एक वैधानिक आवरण दे दे, जो भारत की दृष्टि से बिल्कुल अवैध प्रयास है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सटीक बात कही है कि चीन के नये सीमा कानून से अब तक के समझौतों और सहमतियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मेरा मानना है कि चीन इस कानून की आड़ में भारत के साथ फिर से कोई नयी समस्या खड़ा करना चाहता है।

इस संदर्भ में हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि चीनी सेना ही इन सभी मसलों का संचालन कर रही है। इस कानून से भी उसे अधिक विशेषाधिकार प्राप्त होंगे। चीनी सत्ता पर काबिज कम्यूनिस्ट पार्टी और सेना के बीच में गहरी नजदीकी है तथा उसे कई अधिकार मिले हुए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में पहले से ही चीन ने बहुत निर्माण कार्य किया है। इस कानून के बाद अब सेना और अधिक बंकर और बस्तियां बनायेगी। निश्चित रूप से भारत के लिए यह एक चुनौती है और उससे निबटने की कोशिश करनी होगी।

इस कानून को नामंजूर कर भारत ने सही कदम उठाया है। हमारी ओर से कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों की चौकसी होती है, पर अब इसका दायरा बढ़ाना होगा, क्योंकि चीन हर जगह अपनी दखल बढ़ाने की कोशिश करेगा। इसलिए भारत को पूरी तरह मुस्तैद रहना पड़ेगा। साथ में यह भी जरूरी है कि सीमा से संबंधित मसलों पर बातचीत भी जारी रहनी चाहिए, ताकि सीमा विभाजन को स्पष्ट किया जा सके। मेरा मानना है कि सेना को चौकस रहना होगा तथा सैटेलाइट के जरिये पूरी सीमा की निगरानी होनी चाहिए। इन प्रयासों के साथ अन्य मित्र देशों से भी हमें चर्चा करनी चाहिए और उन्हें चीन के रवैये के बारे में आगाह करना चाहिए तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी इस मामले को उठाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि चीन का सीमा और समुद्री विवाद 23 देशों के साथ है। इससे इंगित होता है कि चीन अपने वर्चस्व और विस्तार के लिए किस हद तक आक्रामक रुख अपनाये हुए है। इसी हरकत की वजह से क्वाड, ऑकस आदि जैसे समूहों का गठन हो रहा है, ताकि उसकी आक्रामकता पर अंकुश लग सके। साउथ और ईस्ट चाइना सी समेत हिंद-प्रशांत क्षेत्र को चीन अपनी मिल्कियत मान बैठा है। उसका यही रवैया हमारी सीमा पर है, लेकिन उसकी मर्जी से चीजें नहीं चल सकती हैं।

द्विपक्षीय समझौतों के साथ अनेक अंतरराष्ट्रीय कायदे-कानून भी हैं, जिन्हें चीन नजरअंदाज नहीं कर सकता है। दरअसल, वह पूरी दुनिया में अपने प्रति नाराजगी पैदा करता जा रहा है। सीमा विवाद लड़ाई से हल नहीं किये जा सकते। भारत और बांग्लादेश ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने विवाद सुलझा लिये हैं, लेकिन चीन का हाल यह है कि फिलीपींस के एक द्वीप पर कब्जे को जब अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने खारिज किया, तो उसने इस फैसले को मानने से इनकार कर दिया। साफ है कि वह अपनी बड़ी ताकत का रौब दिखाना चाह रहा है। समूची दुनिया को इस बात का गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए तथा समाधान के प्रयास करने चाहिए।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस. खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, **फोन:9619102478 /9821238815** email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस. खान**,
समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# सिगरेट पी रहे युवक की मुंब्रा रेलवे के आरपीएफ जवान ने की पिटाई



संवाददाता/समद खान

**मुंब्रा।** गत 28 अक्टूबर गुरुवार शाम के समय मुंब्रा रेलवे स्टेशन से करीब ऑटो स्टैंड की जगह पर सिगरेट पी रहे युवक की मुंब्रा आरपीएफ के जवान ने पिटाई कर दी। दरअसल मामला यह बताया जा रहा है। सिगरेट पीते देख युवक को मुंब्रा रेलवे के आरपीएफ के जवान ने मना किया इस बात को लेकर दोनों में जबानी विवाद हो गया। जिसके चलते आरपीएफ के जवान ने उस युवक की पिटाई कर दी। यह मारपीट की घटना को देखते हुए स्थानीय महिलाएं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दिखाते हुए उस आरपीएफ जवान की परेड करा दी। यह तमाम महिलाएं आरपीएफ जवान पर यह बोलकर भड़क गई तुमको सिगरेट पीते हुए युवक की पिटाई करने का किसने अधिकार दिया उसने कुछ गलती की है। तो आप उस पर जुमार्ना लगाते या उस पर उचित कार्रवाई करते लेकिन मारने का अधिकार आपको किसने दे दिया। इस पर आरपीएफ के जवान ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि मैंने मारपीट नहीं की। सभी महिलाओं ने कहा कि तमाम रिक्शेवाले भी गवाह है कि तुमने सबके सामने इस युवक को मारा तब जाकर आरपीएफ के जवान ने यह बात की हामी भरी कि मैंने मारा और फिर कहा जो भी हुआ है। सब कैमरे के नीचे हुआ है इस पर महिलाएं और खोल उठा। उन्होंने कहा आपके यही कैमरे की नीचे नशा धड़ल्ले से बिकता है। तो आप नशा बेचने वाले को क्यों नहीं पकड़ते गौरतलब बात यह है। मुंब्रा रेलवे स्टेशन परिसर में धड़ल्ले से नशे का कारोबार किया जाता है। जैसे चरस गांजा एमडी कोरेक्स जेसी नशीले पदार्थों का व्यवसाय बेधड़क निडरता से किया जा रहा है। मुंब्रा रेलवे पुलिस की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजश्री मैडम से निवेदन है की महिलाएं द्वारा किया गया। नशे के खुलासे के बारे में गंभीर रूप से संज्ञान ले और नशा बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें।



# सुनार की दुकान मैं जेवरात चुराते हुए दो महिलाएं हुई सीसीटीवी में कैद

संवाददाता/समद खान

**ठाणे।** गत 24 अक्टूबर सोमवार को सोने की दुकान से जेवरात चुराने का मामला प्रकाश में आया है दरअसल यह घटना भिवंडी शहर के बाजार निजामपुरा की बताई जा रही है जहां पर दो महिलाएं दोपहर के समय में बुर्का पहनकर सरगम ज्वेलर्स नामी सुनार की दुकान में जाकर वहां के कर्मचारियों को जेवर दिखाने के नाम पर सभी कर्मचारियों को व्यस्त रखा मौका पाते ही दो लाख रुपए कीमत के जेवरात दुकान से लेकर चंपत हो गई लेकिन यह दो महिलाएं भूल गई कि दुकान के कर्मचारियों को तो इन्होंने व्यस्त कर दिया लेकिन तमाम घटनाएं तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसके आधार पर सरगम ज्वेलर्स के मालिक कमलेश भवरलाल जैन ने निजामपुरा पुलिस स्टेशन में उनके दुकान से की गई चोरी की शिकायत दर्ज कराई निजामपुरा पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करते हुए उन दो बुर्खा पोश महिलाओं की सीसीटीवी कैमरे के आधार पर तलाश शुरू कर

# मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 1500 लोगों को आमंत्रित किया, सरकार ने सिर्फ 200 की अनुमति दी



आज 29 अक्टूबर 2021 को शाम 5 बजे वानखेड़े स्टेडियम पर करीब 2 से 3 हजार गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। सरकारी फैसले के मुताबिक इसमें 50 फीसदी और ज्यादा से ज्यादा 200 लोग शामिल होने की अनिवार्यता है। लेकिन मुख्यमंत्री और शरद पवार के रूप में मुख्य अतिथि होने से इसकी अनदेखी की गई है। बीते दिन मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के 4 खिलाड़ियों को मुंबई एयरपोर्ट से वापस भेज दिया गया क्योंकि वे कोरोना से प्रभावित थे। इतनी बड़ी भीड़ के आयोजन से मुंबई में फिर से कोरोना का उदय हो सकता है। इसलिए यह संख्या 200 से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली का कहना है कि मनपा और मुंबई पुलिस को इस पर ध्यान देना चाहिए नहीं तो ज्यादा भीड़ कोरोना को न्योता दे सकती है।

# (पृष्ठ 1 का शेष भाग)

**बॉलीवुड में ड्रग्स केस की जांच की रफ्तार पर लग सकता है ......**

मलिक ने क्रूज ड्रग्स केस को पूरी तरह से फर्जी करार दिया है। अब तक तकरीबन एक हफ्ते का समय बीत चुका है। NCB के अधिकारी अपने ही अधिकारी पर लगे आरोप की जांच कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने ड्रग्स केस में न तो अनन्या पांडे को फिर से बुलाया और न ही कहीं और छापेमारी की है। NCB सूत्रों की माने तो वानखेड़े और उनकी टीम के पास कई लीड हैं, इसके बावजूद वे कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। आर्यन केस में बदनामी झेलने के बाद अब NCB की टीम फूंक-फूंक कर अपने कदम रख रही है। बीते साल अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड ड्रग्स केस सामने आया था। रिया चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया गया। दीपिका पादुकोण, श्रद्धा कपूर, सारा अली खान समेत अन्य लोगों को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन केस में कुछ भी हासिल नहीं हुआ था। उसके बाद एनसीबी के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है। पिछले एक साल से रिया चक्रवाती केस में कोई अपडेट नहीं आया है। अब सवाल यह उठ रहे हैं कि क्या वह मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। आर्यन की जमानत से बैकफुट पर आई NCBअब क्या अनन्या के लीक हुए चैट पर कुछ कार्रवाई करेगी, यह एक बड़ा सवाल है। अनन्या के जो चैट्स लीक हुए थे, उनमें वे आर्यन से चरस और गांजे के जुगाड़ की बात कर रही थीं। इतने संगीन चैट मिलने के बावजूद अनन्या से कोई पूछताछ अभी तक नहीं की गई है। आर्यन की गिरफ्तारी के बाद बॉलीवुड के कुछ स्टार किड्स पर शिकंजा कसने की बात सामने आई थी। एक प्रोड्यूसर की बेटी, एक्ट्रेस की बहन, एक्टर की बेटी और भतीजे को समन तक भेजने की बात कही जा रही थी, लेकिन अचानक वह जांच भी ठंडे बस्ते में चली गई। एनसीबी सूत्रों की माने तो इस केस में डिपार्टमेंट की हुई बदनामी के बाद दिल्ली में NCB के कुछ बड़े अधिकारी नाराज हैं। उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि जब तक पुख्ता सबूत न हो, किसी भी सेलिब्रिटी पर हाथ नहीं डाला जाए। यही कारण है कि मीडिया से बात करते हुए NCB के DDG ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा था कि किसी को पूछताछ के लिए बुलाने का यह मतलब नहीं है कि वह आरोपी या दोषी है। NCB का यह बयान भी उनके बैकफुट पर जाने का एक बड़ा उदाहरण है।

**अमित शाह का अखिलेश पर हमला...**

उन्होंने कहा, 'ये अखिलेश एंड कंपनी हमें ताने मारती थी कि मंदिर वहीं बनाएंगे-तिथि नहीं बताएंगे, लेकिन अब तो मंदिर की नींव डाल दी। आप तो पांच हजार रुपये देने से भी चूक गए अखिलेश बाबू।' कार्यकताओं को उत्साहित करते हुए उन्होंने कहा, 'आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद देते हैं, वोट देते हैं तो वह तीन गुना वापस लौटाते हैं। किसी को कल्पना नहीं थी कि अयोध्या में राम मंदिर बनेगा, लेकिन मोदी ने शिलान्यास कर दिया। हम राम लला का मंदिर वहीं बनाएंगे।' शाह ने कहा, 'मैं याद दिलाने आया हूं कि आपकी पार्टी (एसपी) की सरकार थी। जिसने राम भक्तों को गोलियों से भून दिया था। यही फर्क है परिवारवादी पार्टियां और बीजेपी में। बीजेपी का वादा था कि कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाएंगे और इसके लिए हमारे पहले अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर की धरती पर बलिदान दिया। हर बार हम घोषणा पत्र में इसे रखते और सोचते कब पूरा होगा। 2019 में पूर्ण बहुमत मिला और हमने अनुच्छेद-370 और 35ए को उखाड़ फेंका। भारत माता का मुकुट मणि आज हमेशा के लिए भारत के साथ जुड़ गया और भारत का अभिन्न अंग बन गया।' शाह ने एसपी और बीएसपी के साथ गांधी और वाड्रा परिवार पर भी हमला बोला। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि गांधी-वाड्रा परिवार सुने, इसके लिए हिसाब लेकर आया हूं। कुछ ऐसे होते हैं, जो चुनावी मेंढक की तरह चुनाव के वक्त बाहर आते हैं। विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा, 'उप्र में कई साल तक एसपी-बीएसपी का खेल चलता रहा और इस खेल ने उत्तर प्रदेश को बबार्द कर दिया। पश्चिमी उप्र में कैराना से पलायन शुरू हुआ था और यहां लखनऊ में हुक्मरानों की नींद नहीं उड़ती थी। आज कहने आया हूं कि आज किसी की हिम्मत नहीं है कि पलायन कराएं, क्योंकि पलायन कराने वालों का पलायन हो चुका है।' उन्होंने कहा कि 2017 से पहले एसपी-बीएसपी के खेल में उप्र में कानून व्यवस्था के बुरे हाल थे। जिसे देखकर मेरा खून खौल जाता था।

**परमबीर के खिलाफ गैर जमानती...**

इससे पहले पुलिस थाने में जांच के लिए बुलाये जाने को लेकर उन्होंने समन भी भेजा गया है। क्राइम ब्रांच ने परमबीर सिंह के खिलाफ गैर-जमानती वारंट की मांग लेकर कोर्ट का रुख किया था। बार बार समन भेजने के बावजूद उसे रिसीव न करने और पूछताछ के लिए न आने पर अदालत ने वारंट जारी किया है। परमबीर के खिलाफ महाराष्ट्र में कम से कम पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। दरअसल परमबीर सिंह की तरफ से चांदिवाल आयोग के सामने दो वकील एक एफिडेविट लिलार आये थे, जिसमें लिखा गया था कि उनकी तरफ से महेश पांचाल नाम का व्यक्ति उनका पक्ष रखने के लिए आएगा। उसमें लिखा था उन्हें जो भी कहना था उन्होंने उनके द्वारा मुख्यमंत्री को दिए गए पत्र में लिख दिया है। उसके आगे उनका कुछ कहना नहीं है।

**नवाब पर भड़के राम कदम ...**

साधु संतों की हत्या हुई तब पूरा संत समाज और देश सीबीआई जांच की मांग कर रहा था, तब कहां सोए हुए थे आप। अब जब पूरा देश यह जान चुका है कि आप ड्रग माफिया के समर्थन में हैं और आपका दागी चेहरा सबके सामने उजागर हो चुका है। तो उस दागी के चेहरे को धोने की कोशिश आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में नवाब मलिक ने की।

# सुहाना होगा मुंबई का सफर

**मुंबई।** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विश्वास जताया कि मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) का नया अध्ययन मुंबई महानगर में बिना किसी रुकावट के यात्रा के सफर को पूरा करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार एमएमआरडीए के काम में तेजी लाने के लिए पूरा सहयोग देगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को एमएमआरडीए के व्यापक परिवहन अध्ययन-2 की अंतिम रिपोर्ट का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान नगर विकास मंत्री एकनाथ शिंदे और पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे ने भविष्य की परिवहन व्यवस्था को लेकर सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि अगर पब्लिक ट्रांसपोर्ट प्रणाली साफ-सुथरी और उत्तम दर्जे की होगी तो लोगों का उस पर विश्वास बढ़ेगा। इससे अच्छी परिवहन व्यवस्था आकार ले सकती है। बढ़ती जनसंख्या का अध्ययन कर भविष्य में मुंबई महानगर की परिवहन योजना तैयार करने में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का बड़ा स्थान है। ठाकरे ने कहा कि शहरों का विकास करते वक्त हम कारपेट एरिया इंडेक्स बढ़ाते हैं, लेकिन सड़क एक बार तो बनी तो बनी। हम इसके लिए कुछ नहीं करते। भीड़ में कोई भी अपनी गाड़ी चलाना नहीं चाहता। परिवहन प्रणाली शरीर में रक्त वाहिका की तरह है और हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि सड़कें पूरी तरह से गड्ढों से मुक्त हों, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली साफ-सुथरी और अच्छी होने के साथ-साथ तेज भी हो। कोरोना काल में बसों और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या भले ही कम हुई हो, लेकिन अब यह फिर से बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुविधाओं का विस्तार करते वक्त पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा

# भीलवाड़ा मंगरोप रोड़ की हालत खस्ता प्रशासन बड़ा हादसा होने के इंतजार में



**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** भीलवाड़ा से मांडलगढ़ वाया मंगरोप होकर जाने वाले यात्री एक बार में ही इस रोड पर आने से हाथ खड़े कर देते हैं, इस रोड पर मंडपिया पंचायत केवड़ी गांव में लगभग 2 से 3 फीट के गहरे खड़े हो रहे हैं! पीडब्ल्यूडी इंतजार कर रही है की कब बड़ा हादसा हो और कब रोड की सुध लें, इस रोड पर बजरी माफिया द्वारा आए दिन अनियंत्रित होकर चलते रहते हैं। इसके अलावा भीलवाड़ा आने जाने वाले लोगों का भी तांता लगा रहता है! एक बात तो सड़क को देख कर ये नहीं लगता हैं कि सड़क में गड्ढे है या गड्ढे में सड़क है! बार-बार शिकायतें करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती है! ग्रामवासी जगदीश तेली ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि कलेक्टर तक इसकी शिकायतें की है यहां तक की ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करवाई, फिर भी कार्यवाही नहीं हो रही है। यदि प्रशासन शीघ्र कार्यवाही नहीं करता हैं तो शीघ्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने बताया कि इतने गहरे गड्ढे पानी से भरा रहते है! जिससे कई प्रकार की बीमारियां फैल रही । गांव के सरकारी चिकित्सालय के सामने भी सड़क का यही हाल हैं।



# भाषा विभाग पंजाब ने करवाए जिला पधरि (लेवल) मुकाबला

## पटियाला (पंजाब) का विद्यार्थी मुकाबले में से सैकंड

पटियाला भाषा विभाग में से जिला भाषा अफसर चंदनदीप कौर की अगवाई में जिला लेवल क्विज (कुएज) मुकाबले करवाए गए जिस में से सरकारी हाई स्कूल गांधी नगर लाहौरी गेट पटियाला के आठवीं कक्षा के विद्यार्थी रोहित कुमार ने दूसरा साथान प्राप्त करके नगद पुरस्कार और सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया। स्कूल के मुख अधिअपका श्री मति,नीलम जी ने विद्यार्थी को सम्मानित किया गया।इस विद्यार्थी को दूसरा स्थान प्राप्त करने का सेहरा रोहित की गाइड श्री मति जसविंदर कौर को जाता है जिस ने मेहनत करके रोहित कुमार को दूसरा स्थान प्राप्त करने में गांधी नगर स्कूल का नाम पंजाब में रोशन किया। मुख अधियापिका नीलम ने इस का सेहरा रोहित की गाइड श्री मति जसविंदर कौर को देते हुए कहा के यह सब ओहना की मेहनत का नतीजा है। उन्होंने रोहित की इस प्राप्ती पे मान करते हुए कहा के उस के माता पिता भी इस बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने रोहित को घर में साजगार माहौल दिया उन्होंने जसविंदर कौर गाइड और रोहित की इस प्रपटी ऊपर स्कूल के समूचे सताफ ऊपर स्कूल को मान है।



आज मेने The American University USA से Doctorate Degree प्राप्त होने पे मेरे गुरु समान केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य पालन व डेयरी मंत्री श्री. पुरुषोत्तम रुपाला से आज नई दिल्ली स्थित निवास पर भेंट की और साथ मे गुजरात के भूपेंद्रसिंह चुडासमा Member of Gujarat Legislative Assembly उपस्थित थे साथ मे DPIAF के चेयरमेन कल्याणजी जाना और DPIAF के अध्यक्ष भैरू जैन उपस्थित थे।

# मुंबई के कांदिवली में राष्ट्रीय चर्मकार महासंघ के आक्रोश मोर्चा बीएमसी विरोध दुकानें तोड़ने पर महा रैली का आयोजन हुआ संपन्न



**संवाददाता / शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** क्रांतिकारी नेता गटई चर्मकार हृदय सम्राट माननीय। श्री. बबनराव (नाना) घोलप ने कांदिवली बीएमसी नगर निगम को दी चेतावनी। लेदरवर्कर्स के नेशनल फेडरेशन का बुधवार। 27 अक्टूबर, 2021 पूर्व समाज कल्याण मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष मान. श्री बबनराव (नाना) घोलप नासिक से अवर्जुन ने भाग लिया। संगठन द्वारा जैसे ही मोर्चा का आयोजन किया गया, समुदाय के सदस्य अनायास इकट्ठा हो गए क्योंकि उन्हें विश्वास था कि लोगों को न्याय मिलेगा। समूह के कार्यकताओं की आवाज सुनने के लिए कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए। माजी समाजकल्याण मंत्री मा. श्री. बबनराव घोलप, सहित माजी आमदार श्री. भाऊसाहेब कांबळे, माजी महापौर और नगरसेविका सौ. स्नेहल आंबेकर - महिला प्रदेशाध्यक्षा, नगरसेविका सौ. गिरकर मॅडम, श्री. पंढरीनाथ पवार - राष्ट्रीय सल्लागार, डॉ. शांताराम पां. कारंडे - प्रदेश महा सचिव, राजेश खाडे - मुंबई विभागीय अध्यक्ष, दादाभाऊ माने - शहराध्यक्ष (प. उ), गणेश खाडे - शहराध्यक्ष (म. मुंबई), सुनील कांबळे - जिल्हाध्यक्ष, अशोक देहेरे - कार्याध्यक्ष (उ.मुंबई)व सौ. कविता मुंढे, और उनके शिष्टमंडळ उपायुक्त सौ. भाग्यश्री कापसे मेडम से मिलकर गटई चर्मकारांवर होनेवाले अन्यायविरुद्ध प्रदीर्शन चर्चा करके एक आवेदन पत्र जारी किया गया। उस समय सहायक नगर आयुक्त श्रीमती. नांदेड़कर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने के बाद उपायुक्त श्रीमती हम मैडम कापसे द्वारा उठाए गए सभी स्टालों को बिना किसी दंड के वापस कर देंगे और पिच लाइसेंस प्राप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे। मोर्चे में समूह के चमड़ा कार्यकताओं सहित 600 से 700 समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। मार्च का आयोजन प्रदेश महासचिव ने किया। डॉ. शांताराम करांडे, मुंबई मंडल अध्यक्ष राजेश खाड़े, और नगर अध्यक्ष दादाभाऊ माने ने अपने खर्चे पर किया था। रैली को संबोधित करते हुए नाना ने कहा कि नेशनल फेडरेशन ऑफ चार्माकर गटई चार्माकर के साथ खड़ा रहेगा। इसके अलावा, यदि समय अनुमति देता है, माननीय। मंत्री जी, मान. उन्होंने प्रमुख सचिव और नगर आयुक्त से नियमित मुलाकात कर रास्ता निकालने का आश्वासन दिया।

# दिल्ली में यमुना किनारे छठ पूजा की छूट नहीं, पूरी क्षमता से चलेंगे मल्टीप्लेक्स



**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी के किनारों को छोड़कर अन्य जगह पर छठ पूजा की अनुमति दी गई है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) ने शुक्रवार को कहा कि यमुना नदी के किनारे पूजा नहीं होगी, अन्य जगहों पर छठ पूजा कर सकते हैं। इसके साथ ही शुक्रवार को सिनेमाघरों, थियेटर और मल्टीप्लेक्स को दोबारा पूरी क्षमता से संचालन की अनुमति प्रदान की गई है। इस संबंध में ऊऊटअ की ओर से आदेश में जानकारी दी गई। DDMA ने आदेश में कहा, 'नवंबर के महीने में छठ पूजा आयोजन की अनुमति प्रतिबंधित स्थानों के बाहर केवल तय जगहों पर जिला मजिस्ट्रेट की पहले से अनुमति के बाद होगी। यमुना नदी के किनारों पर पूजा के लिए कोई जगह नहीं बनाया जाएगा।' डीडीएमए ने दिल्ली में छठ पूजा करने की अनुमति मंगलवार को दी थी। प्राधिकरण ने कहा कि पूजा स्थलों का चयन और उनका प्रबंधन जिला मजिस्ट्रेट संबंधित विभागों के समन्वय के साथ करेंगे। छठ पर्व दीपावली के बाद मनाया जाता है। डीडीएमए ने शुक्रवार को सिनेमाघरों, थियेटर और मल्टीप्लेक्स को दोबारा पूरी क्षमता से संचालन की अनुमति प्रदान की। साथ ही दिल्ली में विवाह समारोह और अंतिम संस्कार के दौरान अधिकतम 200 लोग शामिल हो सकते हैं। पहले इन कार्यक्रमों में अधिकतम 100 लोग ही शामिल हो सकते थे।

## 31 अक्टूबर आधी रात से लागू होंगे नए आदेश

डीडीएमए की ओर से जारी यह आदेश 31 अक्टूबर की मध्यरात्रि से लागू होगा। आदेश में कहा गया कि सिनेमाघरों, थियेटर और मल्टीप्लेक्स के मालिक मानक संचालन प्रक्रिया के सख्त अनुपालन के लिए जिम्मेदार होंगे। आधिकारिक दिशा-निदेर्शो के अनुसार, परिसर में कोविड प्रोटोकॉल का पालना जरूरी है। डीडीएमए ने दिल्ली में सभी अधिकृत साप्ताहिक बाजारों को भी एक नवंबर से दोबारा खोलने की अनुमति प्रदान की है।

# वानखेड़े स्टेडियम पर भीड़ पर नियंत्रण की जरूरत



- ➢ शासनादेश के अनुसार 200 की अनुमति है
- ➢ मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 1500 लोगों को आमंत्रित किया
- ➢ एमसीए के 4 क्रिकेटरों का हुआ कोरोना
- ➢ मनपा और मुंबई पुलिस की क्या भूमिका होगी?

आज 29 अक्टूबर 2021 को शाम 5 बजे वानखेड़े स्टेडियम पर करीब 2 से 3 हजार गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। सरकारी फैसले के मुताबिक इसमें 50 फीसदी और ज्यादा से ज्यादा 200 लोग शामिल होने की अनिवार्यता हैं। लेकिन मुख्यमंत्री और शरद पवार के रूप में मुख्य अतिथि होने से इसकी अनदेखी की गई है। बीते दिन मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के 4 खिलाड़ियों को मुंबई एयरपोर्ट से वापस भेज दिया गया क्योंकि वे कोरोना से प्रभावित थे। इतनी बड़ी भीड़ के आयोजन से मुंबई में फिर से कोरोना का उदय हो सकता है इसलिए यह संख्या 200 से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली का कहना है कि मनपा और मुंबई पुलिस को इस पर ध्यान देना चाहिए नहीं तो ज्यादा भीड़ कोरोना को न्योता दे सकती है।

# ताज मोहम्मद कर रहे हे डेंगू मरीजो के लिए एस डी पी ब्लड की आवश्यकता पूरी



**संवाददाता/ सैय्यद अलताफ हुसैन**

**जोधपुर।** जोधपुर वाय एस बल्ड ग्रूप के अध्यक्ष नदिम बक्ष ने बताया की शेख नगर (पीपाड़ शहर) का रहने वाला ताज मोहम्मद लैब टेक्नीशियन उम्मेद अस्पताल ब्लड बैंक मै पिछले 3 साल से कार्यरत हे जो को पिछले कई दिनो से अपनी अधिक समय देकर अपनी ड्यूटी बखूबी निभा रहे हे ताज मोहम्मद का कहना हे दिन प्रतिदिन कई डेंगू के केसेज के आने से दिन प्रतिदिन मरीजो के परिजनो को इधर से उधर भटकते देख लोगो की मदद करने की हर संभव कोशिश करते रहते हे ओर रक्त दान शिविरो का भी आयोजन करते रहते हे तो कभी किसी मरीज को बल्ड के लिए कोई परेशानी आये तो जोधपुर के उम्मेद हास्पिटल मे ताज मोहम्मद लैब टेकनीशियन बल्ड बैंक से एक बार अवश्य मिलकर अपनी परेशानियों को बताये जितनी संभव हो सकेगी आपकी मदद की जायेगी।

# त्रिपुरा में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए

## हम भारत के लोग संगठन की मांग



**संवाददाता,**

**अमरावती।** बांग्लादेश मैं हुवे मंदिरों पे हमलो के विरोध में निकली गई रैली ने बाद में मुस्लिम विरोधी दंगो का रूप ले लिया, रैली मे शामिल भीड़ ने मस्जिदों में तोड़ फोड़ की ओर मुस्लिम बस्तीयु को जलाया गया, जिस की आग पूरे त्रिपुरामे फैल गई, जिसके कारण पूरे राज्य में अशांति फैली हुई हैं, जिसके विरोध में हम भारत के लोग संगठन ने कलेक्टर को निवेदन किया जिसमें यह मांग की गई जिस तरह बंगलादेश में हुए मंदिरों पर हमलो के विरोध में वहां के मुस्लिम समाज भी हिंदू भाइयों के समर्थन में सड़कों पर उतरा और बांग्लादेश के प्रधानमंत्री ने बाहर आकर बांग्लादेशी हिंदुओं के धार्मिक स्थलों उनकी जान-माल की सुरक्षा का आश्वासन दिया इसी तरह त्रिपुरा में हो रहे मुस्लिम विरोधी दंगों के खिलाफ भारत के गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी त्रिपुरा का दौरा करना चाहिए और वहां के अल्पसंख्यक समुदाय को सुरक्षा प्रदान करना चाहिए और दंगाइयों के खिलाफ कड़क कार्यवाही कर वहां मिलिट्री तैनात करना चाहिए। निवेदन देते समय हम भारत के लोग संगठन के शेख इसरार आलम डॉक्टर असलम भारती नासिर सोलंकी परवेज गौरी शेख रिजवान, शेर ए हिंद संघठन के सलमान खान एटीएस, साकिब अहमद आसिफ कुरेशी मोहम्मद जुनेद इरफान रहबर मौजूद थे।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# यूपी में पीएम आवास योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

## डूडा विभाग की साँठ गाँठ से जमकर हो रही अवैध वसूली

**संभल।** केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार मिलकर भले ही गरीबों को पक्की छत देने का वायदा कर चुकी हो या फिर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2022 तक सबको पक्की छत देने का वायदा हो लेकिन कमीशन खोरी के चलते यह वायदा पूरा नहीं हो पा रहा है हम आपको बताते चलें कि संभल के पंवासा स्थित डूडा विभाग इतना भ्रष्टाचार में लिप्त हो गया है कि उसने प्राइवेट तौर पर अपने कई लड़के लगा रखे हैं जो पात्र लोगों को धमका कर तथा अपात्रों को मोटा लालच देकर उनसे वसूली करके अपना तथा ढूंढा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का जीवन यापन करा रहे हैं एक तरफ तो मोदी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त देश का सपना देख रही है दूसरी तरफ उसके ही कर्मचारी भ्रष्टाचार को मुक्त नहीं होने दे रहे इस सब को देखते हुए मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति फेल होती नजर आ रही है।



### समीर नामक व्यक्ति पर अवैध वसूली के आरोप लगाकर दिया गया था प्रार्थना पत्र

डूडा विभाग में एक प्राइवेट व्यक्ति जिसका नाम समीर है उसका काफी हद तक वह वाला है और वह पात्र लोगों को डरा धमका कर दो हजार रुपए से लेकर पांच हजार रुपए तक वसूलने के आरोप लगाकर दर्जनों महिलाओं ने प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन उस प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही ना करते हुए उसको रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया आखिर इस भ्रष्टाचार में लिप्त समीर नामक व्यक्ति पर प्रशासन इतना मेहरबान क्यों है।

### रिजवान नामक व्यक्ति पर वसूली के आरोप लगाकर कोतवाली में दी तहरीर

डूडा विभाग पंवासा में तैनात प्राइवेट व्यक्ति जिसका नाम रिजवान है उसने भी लोगों से दो हजार रुपए से लेकर बारह हजार रुपए तक लोगों से उनको आवास दिलाने के नाम पर ठगी की है इन लोगों के झांसे में आने का मतलब साफ है क्योंकि कुछ लोगों को यह लोग आवास दिला भी देते हैं चाहे वह पात्र हो या फिर अपात्र बुधवार को सदर कोतवाली में दर्जनों महिलाओं ने पहुंचकर रिजवान नामक व्यक्ति के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया था ताकि उनको या तो उनके पैसे वापस मिल जाए या फिर उनको आवास कई महिलाओं ने रिजवान पर धमकाने के आरोप भी लगाए थे आखिर प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त आरोपियों पर मेहरबान क्यों है डूडा विभाग इनके बचाव के लिए रात दिन एक किए हुए हैं क्योंकि डूडा विभाग में कार्यरत अधिकारियों तक आवास के नाम पर वसूली करके यह पहुंचाने का काम करते हैं।

### भट्ठा स्वामियों को भी बनाया गया है पात्र

संभल के पंवासा के डूडा विभाग के कर्मचारी भ्रष्टाचार का पैसा खा खा कर इतना बौखला गए हैं की वह अपात्र लोगों को भी इस योजना का लाभ दे रहे हैं बेटे से लेकर बाप और बाप से लेकर दादा तक को इस योजना का लाभ दिया गया है और ऐसे ऐसे लोगों को इस योजना का लाभ दिया गया है जो एक नहीं बल्कि दो-दो भटटो के मालिक हैं अगर यह लाभ इन लोगों को ना देकर पात्र लोगों को दिया गया होता तो मोदी सरकार का 2022 तक सबको पक्की छत देने का वादा पूरा हो गया होता।

## मजहब ए इस्लाम ताकत या तलवार से नही पैगम्बर-ए-इस्लाम के अखलाक व्यबहार दयानतकारी ईमानदारी से फैला है फिरोज खान



**संवाददाता/अरमान उलहक**

**सम्भल।** इलाइट जूनियर हाई स्कूल में जश्न-ए-ईद-मिलाद-उन-नबी स0अ0व0 के कार्यक्रम मैं शिरकत करते हुए मदरसा मौलाना मोहम्मद अली जौहर के प्रबंधक मो0 फिरोज खान ने इलाइट जूनियर हाई स्कूल मैं शिक्षा ग्रहण तालीम हासिल कर रहे छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में मजहब ए इस्लाम ताकत या तलवार से नहीं बल्कि नवीएकरीम अ0स0व0 के

अखलाक (व्यवहार) किरदार(चरित्र) दयानतदारी, (इमानदारी) से फैला है मुस्तफा सारे आलम के लिए रहमत बनकर आए इस्लाम मैं मानवता, वतन परस्ती को खास स्थान दिया है वतनपरस्ती पर रोशनी डालते हुए उनके द्वारा बताए गए सत्य मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया मो0 फिरोज खान ने कहा- अल्लाह के नबी स0अ0व0 ने फरमान है परेशान लोगों की मदद करो, चाहे वो किसी भी मजहब(धर्म) से ताल्लुक रखते हों, आपका पड़ोसी अगर भूखा है, तो आपका खाना हराम है, हमेशा हक व सत्य का साथ दो ना तो कोई तुम्हें अन्न से दूर कर सकता है, और ना ही कोई आपको मौत के करीब ला सकता है, सिवाय अल्लाह के, अपने मुल्क के हमेशा वफादार रहो,अपने वतन से मोहब्बत करो, क्योंकि वतन की मोहब्बत ईमान का सबूत है, [कौल-ए-मुस्तफा हजरत मुहम्मद स0अ0व0]

मो0 फिरोज खान ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि सभी क्षेत्रों में सम्भल की दुर्दशा बदहाली, पिछड़ेपन के लिए सम्भल के नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। इस अवसर पर महात्मा गाँधी मैमोरियल पी जी कालेज सम्भल के प्राचार्य जनाब डॉक्टर आबिद हुसैन हैदरी साहब,मशहूर उद्योगपति समाजसेवी जनाब मुशीर खां तरीन, मो0 तौफिक एड0, आदि उपस्थित रहे । अध्यक्षता नईम उद्दीन बरकाती नें व संचालन मो0 शफीक बरकाती प्रबन्धक इलाइट जूनियर स्कूल ने किया।

# समीरण दत्ता बीसीसीएल के होंगे नए सीएमडी

## बीसीसीएल का होगा कायाकल्प

**संवाददाता/ सैय्यद अलताफ हुसैन**

**धनबाद।** काफी उठापटक के बाद आखिरकार स्थाई सीएमडी मिलने की उम्मीद जग गई, पब्लिक इंटरप्राइजेज सिलेक्शन बोर्ड, ( पीई एस बी ) ने बीसीसीएल के नए सीएमडी के नाम की सिफारिश की है काफी जद्दोजहद के बाद कैबिनेट की नियुक्ति समिति ( ए सीसी) ने कोयला मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए डॉक्टर रंजीत रथ के बीसीसीएल सीएमडी पर नियुक्ति 5 अक्टूबर को रद्द कर दी वही सरकार के अवर सचिव अमित श्रीवास्तव ने अधिसूचना जारी कर पब्लिक इंटरप्राइजेज सिलेक्शन बोर्ड को बीसीसीएल सीएमडी पद के लिए 28 जून को हुए साक्षरता के पैनल से डायरेक्टर फाइनेंस समीर दत्ता का नाम चयनित किया गया पूर्व सीएमडी टीके लहरी 2015 में पद मुक्त होने के बाद अब तक पिछले 5 सालों में चार सीएमडी बदले गए, आर कुमार , एके सिंह, पीएम प्रसाद, गोपाल सिंह, स्थाई सीएमडी नहीं होने के कारण बीसीसीएल



को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, क्यों खास है बीसीसीएल के भविष्य के लिए स्थाई सीएमडी, लोगों को क्यों उम्मीद है बीसीसीएल कोल इंडिया के डी एफ समीरण दत्ता से क्योंकि समीरण दत्ता एक सुलझे हुए इंसान हैं उनका कॉल सेक्टर में काम करने का काफी लंबा अनुभव है उन्होंने 1988 में कुसुंडा में ज्वाइन किया है उसके बाद उन्हें 1991 में कोल इंडिया में योगदान दिया, कोल इंडिया को ऊंचाई तक ले जाने में उनका बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा ,लंबे समय के बाद जुलाई 2019 में डायरेक्टर फाइनेंस के पद पर बीसीसीएल में योगदान दिया उनके कार्य कुशलता इतना जबरदस्त था कि उन्होंने फिर इंटरव्यू देकर सी आई एल- डी एफ के पद पर योगदान दिया, बीसीसीएल में लंबे अरसे से काम करने के कारण यहां के कार्यशैली से अवगत है यहां होने वाले विस्थापन फायर फाइटिंग साथ ही यहां के कई बड़ी समस्या से रूबरू है और इस कंपनी को बहुत अच्छे तरीके से समझते हैं जिसका फायदा कंपनी को आगे चलकर मिलेगा, साथी ही साथ मजदूर , ट्रेड यूनियन और धनबाद के विकास में इनका महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है घाटे में चल रही बीसीसीएल को उबारने में इन्होंने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जिसका फायदा बीसीसीएल को मिल चुका है हाल के दिनों में इन्होंने एक महीने में 21 सौ करोड़ रिलाइजेशन अर्जित कर इतिहास रच दिया, लोगों के साथ उनका सोशल एप्रोच भी काफी जबरदस्त है वह काफी मधुर भाषी भी है उनकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है आने वाले समय में कंपनी को काफी फायदा मिलने की उम्मीद है।

# पार्टनर को स्पेशल फील कराने के लिए दें यूनिक दिवाली गिफ्ट्स

**कहते हैं फेस्टिवल्स खुशियों के अलावा रिश्तों को करीब लाने का भी काम करते हैं। खासकर दिवाली तो दिलों में रोशनी और हैप्पी वाइव्स लाने का त्योहार है। इस मौके पर आप अपने पार्टनर को खुश करने के साथ अपने रिश्तों को मजबूत भी कर सकते हैं। दिवाली पर अगर आपने पार्टनर के लिए अभी तक गिफ्ट लेने के बारे में नहीं सोचा है, तो ये सजेशन्स आपकी मदद कर सकते हैं।**



## वीडियो में कैद करें अपना प्यार भरा सफर

अपनी खूबसूरत सी लव स्टोरी या अब तक के सफर को आप वीडियो में कैद कर सकते हैं। इसके लिए आप फोटो वीडियो बनाकर कोई बैकग्रांउड में रोमांटिक-सा गाना चला सकते हैं। इसके लिए आपको गूगल प्ले स्टोर पर कई एप मिल जाएंगे। इसको प्ले करके अपने पार्टनर को स्पेशल फील करा सकते हैं।

## प्रोफेशनल फोटोशूट

जीवन की भागदौड़ के बीच हमें साथ में वक्त बिताने का टाइम ही नहीं मिल पाता। ऐसे में आज का दिन सही मौका है। आप पार्टनर के साथ एक प्रोफेशनल रोमांटिक फोटोशूट के लिए जा सकते हैं। अगर आपके पास प्रोफेशनल कैमरा मौजूद है, तो आप किसी परिवार के सदस्य या दोस्त की मदद भी ले सकते हैं।

## रोमांटिक लेटर

हम में से बहुत से ऐसे लोग होते हैं, जो अपनी भावनाओं को आसानी से व्यक्त नहीं कर पाते, ऐसे में पार्टनर को रोमांटिक लेटर लिखकर देना बहुत ही खूबसूरत लगेगा। इससे आप उन्हें स्पेशल फील करा सकते हैं। आप चाहें, तो लेटर के साथ कोई पसंद की चॉकलेट भी रख सकते हैं।

# बढ़ते मोटापे से चाहिए छुटकारा तो रोजाना खाली पेट पिएं नींबू -गुड़ का पानी



**वर्क फ्रॉम होम का सबसे बड़ा साइड इफेक्ट लोगों में बढ़ता मोटापा माना जा रहा है। घंटों एक ही जगह पर काम करने और समय न होने की वजह से वर्कआउट में कमी की वजह से लोगों में बेली फैट की समस्या बढ़ती जा रही है।**

ऐसे में अगर आपकी भी यही परेशानी है और आप बिना किसी जिम या वर्कआउट किए अपना कई किलो वजन घटाना चाहते हैं या जिद्दी चर्बी से पीछा छुड़वाना है तो बिना देर किए डाइट में शामिल कर लें गुड़ नींबू से बनी ये हेल्दी ड्रिंक। यह ड्रिंक आपको वजन घटाने में बहुत मदद कर सकती है। आइए जानते हैं क्या है इस ड्रिंक को बनाने का तरीका।

## कैसे बनाएं गुड़ और नींबू की हेल्दी ड्रिंक?

गुड़ और नींबू की इस ड्रिंक को बनाने के लिए सबसे पहले गुनगुने पानी में एक चम्मच नींबू का रस और गुड़ का एक छोटा टुकड़ा डालकर एक चम्मच की मदद से अच्छी तरह मिला लें। इसे तब तक घोलते रहे जब तक गुड़ पूरी तरह से पानी में न मिल जाए। इसके बाद यह पीने के लिए तैयार है।

## कब पिएं ये हेल्दी ड्रिंक-

इस ड्रिंक को रोजाना सुबह खाली पेट पीने से जल्दी लाभ मिलता है। आप मौसम को देखते हुए इस ड्रिंक में पुदीना भी डाल सकते हैं। ड्रिंक में पुदीने का इस्तेमाल करने से स्वाद और सेहत दोनों के लिए बेहतर माना जाता है। ड्रिंक बनाते समय अधिक गुड़ डालने से बचें। गुड़ की मात्रा ड्रिंक में ज्यादा होने पर स्वाद खराब हो सकता है।

# दिवाली पार्टी पर दिखना है सबसे खूबसूरत, वार्डरोब में मौजूद कपड़ों से करें खुद को स्टाइल

शादी हो या फिर कोई पार्टी, बात तैयार होने की हो तो महिलाएं किसी से कम नहीं दिखना चाहती हैं। वहीं बात हो अगर दिवाली पार्टी की तो अब ये पार्टियां शुरू हो गई हैं। ऐसे में महिलाएं अपने लिए कुछ अलग पहनने की चाहत रख रही हैं। अगर आप अपने रुपयों की बचत करना चाहती हैं और टाइम सेव करना चाहती हैं, तो आप अपनी वार्डरोब में मौजूद पूराने कपड़ों को दोबारा पहन सकती है। बस इसके लिए आपको इनहें पहनने की स्टाइलिंग बदलनी होगी। इन स्टाइलिंग को चेंज कर आप एक नया लुक क्रिएट कर सकत हैं। चलिए जानते हैं कैसे क्रिएट करे डिफरेंट लुक।



### 1) शरारा के साथ अनारकली शॉर्ट कुर्ता

शरारा के साथ अनारकली शॉर्ट कुर्ता बेहद आकर्षक लगता है। ये आपको लुक को पूरी तरह से चेंज कर देता है साथ ही इसे पहन कर काफी खूबसूरत फोटोज भी आती हैं। आप इसे मिस मैच कर के भी पहन सकते हैं।

### 2) बेल्ट

इन दिनों बेल्ट काफी फैशन में है। लोग इसे साड़ी, लहंगा के साथ आरान से पेयर कर सकते हैं। इसके लिए आप इन दिनों चल रही कोई ट्रेंडी बेल्ट देख सकते हैं। चाहें तो अपने ड्रेस के मेचिंग कलर का बनवा सकते हैं या फिर आप कपड़े पर हो रहे काम के हिसाब से खरीद सकते हैं।

### 3) शर्ट विद स्कर्ट

किसी लॉन्ग प्रिंटिड एथनिक स्कर्ट के साथ प्लेन शर्ट काफी अच्छी लगती है। आप इस शर्ट के साथ सिल्वर जूलरी भी पेयर कर सकते हैं। ये इंडो वेस्टर्न सा लुक हर किसी को पसंद आएगा। साथ ही ये बेहद स्टाइलिश भी है।

### 4) साड़ी विद टॉप

आप किसी भी प्लेन साड़ी को एक अच्छे से क्रॉप टॉप ये फिर रफल टॉप के साथ पेयर कर सकते हैं। ये बहुत स्टाइलिश लगते है। वहीं अगर इसके साथ आप मैसी बन बना लेंगे तो लुक और इंहेंस हो जाता है।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

MAHA RERA NO.: P99000025618




WALIV'S LUXURIOUS PROJECT WITH LIFESTYLE AMENITIES

Mariyam Heritage









VASAI EAST

Strategic Location & Easy Accessibility

Hospitals:
Valwadevi Multispeciality - 800m
Metropolis Healthcare - 900m

Banks:
Abhyudaya Co-op Bank - 500m
Federal Bank - 600m

Schools:
Ludhani Vidyamandir - 700m
Fr. Angel School - 800m

Rastuarants:
Hotel Shalimar - 300m
Hotel Regency - 900m

Entertainments:
Carnival Cinema - 4.2km
Dream The Mall - 4.2km

Accessibility:
Vasai E Railway Station - 8km
Highway NH8 - 1.6km

STARTING FROM
31.35 LACS*

THIS SCHEME ALSO AVAILABLE
DOWNPAYMENT 5%
NO EMI TILL POSSESSION*
APPROVED FROM ALL LEADING BANKS

VASAI (E)
FOR MORE DETAILS CONTACT +91 8291669848
SITE ADD : MARIYAM HERITAGE. NEXT TO SANIYA CITY. BEHIND SHALIMAR HOTEL. WALIV. VASAI ROAD (E)